निगम प्रशासन एवं व्यापारी संघ की निगम सभागार में हुई महत्वपूर्ण बैठक, आगामी लॉकडाउन का आदेश जारी होने के पूर्व भिलाई के व्यापारी संघ से चर्चा कर मांगे गए सुझाव

भिलाई नगर/ आज भिलाई के निगम सभागार में निगम प्रशासन एवं भिलाई क्षेत्र के समस्त व्यापारी संघ की महत्वपूर्ण बैठक हुई! बैठक निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने आहूत की थी! जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संजय कुमार ध्रुव, उपायुक्त श्री अशोक द्विवेदी एवं भिलाई निगम क्षेत्र समस्त व्यापारी संघ के प्रतिनिधि मौजूद थे! उल्लेखनीय है कि जिले में कोरोनावायरस के संक्रमण की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा 17 मई तक लॉकडाउन लगाया गया था! इस तिथि को आगे बढ़ाने का फैसला जिला प्रशासन द्वारा लिया गया है, जिसका आदेश जिलाधीश द्वारा जारी किया जाना है! लॉकडाउन के वर्तमान स्वरूप को देखते हुए आवश्यक परिस्थितियों के मुताबिक प्रतिबंधों में शिथिलता देने का निर्णय लिया जा सकता है! इसी परिपेक्ष में आज व्यापारी संघ एवं निगम प्रशासन के बीच अहम बैठक हुई! बैठक में निगम ने व्यापारी संघ से चर्चा की , आगामी लॉकडाउन का आदेश जारी होने के पूर्व व्यापारी संघ की ओर से बैठक में सुझाव मांगे गए! बैठक में सभी ट्रेड के व्यापारी संघ के प्रतिनिधि मौजूद थे! लॉकडाउन के दौरान यदि कुछ रियायत दी जाती है तो दुकानों में भीड़ ज्यादा न बढ़े और व्यापारियों को भी संचालन में सहूलियत हो इस दिशा में चर्चा हुई! जो मार्केट एवं दुकान क्षेत्र सघन है उन पर छूट मिलने के दौरान अनावश्यक भीड़ न बढ़े इस पर बैठक में विशेष फोकस रहा , इसके लिए भी व्यापारी संघ के पदाधिकारियों से राय ली गई! व्यापारियों और लोगों के हित को ध्यान में रखते हुए तथा कोरोनावायरस के संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए हर पहलुओं पर सुझाव व्यापारी संघ के प्रतिनिधियों से शीघ्र अति शीघ्र मांगे गए हैं! बैठक में सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली एवं अजय शुक्ला मौजूद रहे!